# आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़

भूतल ब्लाक नं.–2, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर.

फोन नं. 0771–2511507 फैक्स नं. 0771–2221627 इमेलः des.hqcg@gov.in वेबसाईड www.descg.gov.in


क्रमांक 1632/2017/आसांसं/स्टोर नया रायपुर, दिनांक 25/07/2017.

प्रति,

आयुक्त,
जनसंपर्क संचालनालय,
इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छत्तीसगढ़).

**विषय :–** **वाहन क्र. सी.जी. 02–5400(मारूति 800) को नीलाम किये जाने हेतु विज्ञप्ति जारी करने बाबत् ।**

–0–

विषयान्तर्गत लेख है कि संचालनालय के शासकीय वाहन वाहन क्र. सी.जी. 02–5400(मारूति 800) को निष्प्रायोज्य किया जा चुका है । उक्त वाहन को नीलाम किये जाने हेतु विज्ञप्ति एवं नीलामी की शर्तें तैयार कर आपकी ओर संलग्न प्रेषित है ।

कृपया तीन प्रमुख स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में नीलामी विज्ञप्ति एवं शर्तों का विज्ञापन कराने का कष्ट करें, साथ ही विज्ञापन की प्रति इस संचालनालय को भी उपलब्ध करावे ।

**संलग्न : उपरोक्तानुसार.**

सहायक संचालक(प्रशा.)
आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय
छत्तीसगढ़ नया रायपुर.

# आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, छत्तीसगढ़

भूतल ब्लाक नं.–2, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर.
फोन नं. 0771–2511507 फैक्स नं. 0771–2221627 इमेलः **des.hqcg@gov.in** वेबसाईड **www.descg.gov.in**

## //पुराने शासकीय वाहन की नीलामी निविदा सूचना//

क्रमांक/1633/2017/आसांसं/स्टोर, नया रायपुर, दिनांक 25 07.2017

अधोहस्ताक्षर कार्यालय के निम्नलिखित शासकीय वाहन जहॉ है, जैसी है, के विक्रय किये जाने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से बंद लिफाफा निविदा व्यक्तिगत रूप से या डाक/कोरियर से दिनांक 03.08.2017 को दोपहर 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है तथा उसी दिन संध्या 3:00 बजे खोला जावेगा । बिना मुहर बन्द निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा । विस्तृत जानकारी कार्यालयीन समय पर या विभागीय वेबसाईट www.descg.gov.in में प्राप्त किया जा सकता है ।

## वाहन का विवरण

| क्रमांक | वाहन क्रमांक, प्रकार एवं मॉडल वर्ष | इंजन नंबर | चेचीस नंबर | निविदा फार्म का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| 1. | सी0जी0-02 5400 (मारूति 800) मॉडल वर्ष–2005 | **F8BIN2880829** | **MA3ECA12S02455145** | **100/-** |

### नियम एवं शर्ते

1. वाहन जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में मूल्य दर आमंत्रित की जाती है एवं वाहन प्रदाय भी उसी स्थिति में की जावेगी ।
2. उक्त वाहन के लिए अमानत राशि 5000.00 (रूपये पॉच हजार मात्र) बैंकर्स चेक/बैंक ड्राफ्ट आयुक्त सह संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर के नाम से जमा किया जाना अनिवार्य होगा ।
3. निविदा फार्म में निविदा मूल्य साफ, सुंदर, और सुस्पष्ट अंको एवं शब्दों में लिखा जाना अनिवार्य होगा, कॉट–छॉट युक्त निविदा फार्म निरस्त कर दिया जावेगा ।
4. निविदा मूल्य दर बंद लिफाफा में ही स्वीकार की जावेगी लिफाफा के ऊपर वाहन का प्रकार/वाहन क्रमांक लिखा जाना अनिवार्य होगा तथा आयुक्त सह संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ0ग0) के पते पर जमा लिया जावेगा ।
5. अधिकतम मूल्य दर प्रथम एवं द्वितीय मूल्य वाले निविदा कर्ता की अमानत राशि रोककर शेष की अमानत राशि 07 दिवस के भीतर वापस कर दी जावेगी ।
6. सफल निविदाकर्ता को निविदा मूल्य राशि का पचास प्रतिशत राशि दूसरे दिन सायं 5:00 बजे तक जमा किया जाना अनिवार्य होगा, राशि जमा नहीं करने की स्थिति में अमानत राशि राजसात करते हुए द्वितीय अधिकतम बोली लगाने वाले को राशि जमा करने हेतु निर्देश दिये जाने हेतु विचार किया जावेगा ।
7. वाहन पर वर्तमान में शासकीय पंजीयन क्रमांक अंकित है, विक्रय उपरांत निविदा कर्ता द्वारा उक्त पंजीयन क्रमांक का उपभोग पूर्णतः वर्जित है । वाहन क्रेता आवश्यकतानुसार पृथक से आर0 टी0 ओ0 से पंजीयन क्रमांक नियमानुसार प्राप्त कर सकेगा ।
8. कुल राशि (बोली की राशि) पर 5.00 प्रतिशत वेट शुल्क देना होगा ।
9. प्रदाय आदेश जारी होने के 07 दिवस के भीतर निविदा मूल्य की संपूर्ण राशि जमा कर वाहन उठाना अनिवार्य होगा । राशि जमा नहीं किये जाने की स्थिति में पूर्व में जमा की गई सम्पूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी ।
10. निविदा फार्म दिनांक 03.08.2017 को दोपहर 12:00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है ।
11. उक्त वाहन का उक्त तिथि अनुसार निविदादाता या उसके प्रतिनिधि पुराने संचालनालय भवन, कन्या पॉलिटेकनीक कालेज, परिसर, बैरन बाजार, रायपुर में अवलोकन कर सकते है ।

12. निविदा फार्म दिनांक 03.08.2017 को दोपहर 02:00 बजे तक डाक/व्यक्तिगत रूप से आयुक्त सह संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर (छ.ग.) में प्रस्तुत करना अनिवार्य है । बाद में प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
13. भरा हुआ निविदा फार्म दिनांक 03.08.2017 को सायंकाल 3:00 बजे खोला जावेगा । निविदाकर्ता अथवा उसका प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है ।
14. आयुक्त सह संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर को समस्त निविदा या किसी भी निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा ।
15. नीलामी उपरान्त वाहन की राशि जमा करने के पश्चात आयुक्त सह संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नया रायपुर को सी.जी.टी.सी. लेकर उसी दिन वाहन को ले जाना अनिवार्य होगा अन्यथा नीलामी वाहन का प्रतिदिन तीन सौ रूपये की दर से सुरक्षा शुल्क देना होगा ।

(अमिताभ पांडा)
आयुक्त सह संचालक
आर्थिक एवं सांख्यिक संचालनालय,
छत्तीसगढ़, नया रायपुर